१. अमीर खुसरो के हिन्दी भाषा से संबन्धित विचार किस ग्रंथ में मिलता है?

A) खालिकबारी B) पहेलियाँ
C) मुकरियाँ D) दो सखुन

२. 'झुठलाना' किस प्रकार की क्रिया है?

A) प्रेरणार्थक क्रिया B) नामधातु क्रिया
C) संयुक्त क्रिया D) कृदन्त क्रिया

३. एक ही बार प्रयुक्त शब्द के दो या अधिक अर्थ निकलने पर कौन सा अलंकार होता है?"

A) अनुप्रास B) श्लेष
C) प्रदीप D) यमक

४. 'सीढ़ियों पर धूप में' किसका काव्य संकलन है?

A) रघुवीर सहाय B) धूमिल
C) त्रिलोचन D) शंभुनाथ सिंह

५. शंकरशेष का अधूरा उपन्यास कौन-सा है?"

A) छुटकारा B) धर्मक्षेत्रे कुरुक्षेत्रे
C) कड़वेसच D) अंतिम चढ़ाई

६. 'यमगाथा' किसका पहला नाटक है?

A) मणिमधुकर B) दूधनाथ सिंह
C) स्वदेश दीपक D) विष्णु प्रभाकर

७. 'नदी पहाड से निकलती है।' इनमें 'से' किस कारक की विभक्ति है?

A) संबंध कारक B) करण कारक
C) अधिकरण कारक D) अपादान कारक

८. 'सरस्वती सम्मान' किस संस्था द्वारा आयोजित है?

A) साहित्य अकादमी B) बिड़ला फौन्डेशन
C) शांतिनिकेतन D) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान

९. ठाकुर प्रसाद सिंह का 'महामानव' किसके जीवन पर आधारित प्रबंध-काव्य है?

A) जवहरलाल नेहरु B) चंद्रशेखर आज़ाद
C) सुभाष चंद्र बोस D) महात्मा गाँधी

१०. 'अभिमन्यु की आत्मकथा' किस विधा की रचना है?

A) कहानी B) उपन्यास C) आत्मकथा D) संस्मरण

११. इनमें किस भाषा के परिनिष्ठित रूप को 'अहीरी' कहाजाता हैं?"

A) मेवाती B) मालवी C) जयपुरी D) मारवाडी

१२. ''परतों के बीच'' किसका यात्रा-वृत्त है?

A) गोविंद मिश्र B) विष्णु प्रभाकर
C) रामवृक्ष बेनीपुरी D) पुरुषोत्तमदास टंडन

१३. नरेश मेहता को किस वर्ष ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला?

A) १९८२ B) १९९२
C) २००० D) २००४

१४. प्रभाखेतान के उपन्यास 'छिन्नमस्ता' का नाट्य रूपान्तर किसने किया?

A) गोविंद चातक B) शोभा भूटानी
C) गिरीश रस्तोगी D) मृदुला गर्ग

१५. डॉ.शिवकुमार मिश्र को अपनी रचना 'मार्क्सवादी साहित्य चिंतनःइतिहास तथा सिद्धांत' केलिए सन् १९६५ में कौन सा पुरस्कार मिला?

A) सोवियत लैण्ड नेहरु पुरस्कार B) व्यास सम्मान
C) साहित्य अकादमी पुरस्कार D) अनुवादश्री पुरस्कार

१६. 'शांतिदूत' किस देश से प्रकाशित हिन्दी पत्रिका है?

A) फ्रान्स B) रूस
C) सुरीनाम D) तिबत

१७. मैनपुरी में किस साहित्यकार का जन्म हुआ?

A) मोहन राकेश B) भीष्मसाहनी
C) कमलेश्वर D) राजेन्द्र यादव

१८. ''हिन्दी साहित्य का इतिहास दर्शन'' किसकी रचना है?

A) नलिन विलोचन शर्मा B) गुलाब राय
C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) गणपतिचन्द्र गुप्त

१९. इनमें गोरखपुर से निकलनेवाली पत्रिका कौन सी है?

A) साहित्य अमृत B) दस्तावेज़
C) आलोचना D) नागरी

२०. मोहन राकेश का अंतिम उपन्यास कौन-सा है?

A) कई एक अकेले B) काँपता हुआ दरिया
C) नीली बाहों की रोशनी में D) अंतराल

२१. 'अकहानी' किस विदेशी आन्दोलन का भारतीय नामकरण है?

A) एन्टी स्टोरी B) नेगटीव स्टोरी
C) बोल्ड स्टोरी D) लाँग स्टोरी

२२. 'पद्मावत' में जायसी ने रत्नसेन को किसका प्रतीक माना?

A) तन B) मन
C) हृदय D) बुद्धि

२३. सूरदास की किस रचना को अधिकांश विद्वान अप्रामाणिक मानते हैं?
A) सूरसागर B) सूर सारावली
C) साहित्यसार D) साहित्य लहरी

२४. ''न कान्तमपि निर्भूषं विभावति वनिता मुखं'' किसकी उक्ति है?
A) दण्डी B) वामन
C) रुद्रट D) भामह

२५. 'मनीषी', शशिप्रभा शास्त्री के किस उपन्यास की नायिका है?
A) अमलतास B) वीरान रास्ते और झरना
C) सीढ़ियाँ D) परछाइयों के पीछे

२६. 'गदर से पहले के दिन' प्रेमचंद की किस कहानी का नाट्य रूपांतर है?
A) शतरंज के खिलाडी B) पंच परमेश्वर
C) ठाकुर का कुआँ D) सज्जनता का दंड

२७. द्राविडों को ब्राह्मी लिपि के स्रष्टा माननेवाले विद्वान कौन हैं?
A) बूलर B) हेमचंद्र
C) श्याम शास्त्री D) एडवर्ड थामस

२८. इनमें केशवदास की किस कृति में श्रृंगार रस और नायिका भेद का चित्रण हुआ है?
A) रामचंद्रिका B) कविप्रिया
C) विज्ञानगीता D) रसिक प्रिया

२९. ''अंगारे उगलना'' मुहावरे का अर्थ क्या है?
A) नियंत्रण रखना B) बहुत नाराज़ होना
C) अत्यंत रोष से कठोर बातें करना D) आग जलाना

३०. परंपरा संबन्धी सिद्धान्त का प्रतिस्थापन किसने किया?
A) एस.टी.कोलरिज B) टी.एस.इलियट
C) बनडिक्टो क्रोचे D) आई.ए.रिचर्डस

३१. ''नेपोलियन बोनापार्ट'' नामक जीवनी की रचना किसने की?
A) रमाशंकर व्यास B) श्रीराम शर्मा
C) देवदत्त शास्त्री D) विष्णु प्रभाकर

३२. अंग्रेज़ी उपन्यास ''ए स्टडी इन स्कारलेट'' का हिन्दी रूपान्तरण 'गोविन्दराम' नाम से किसने किया?
A) अशोक वाजपेयी B) शिवदानसिंह चौहान
C) गोपालराम गहमरी D) रामनरेश त्रिपाठी

३३. ''पाश्चात्य काव्य शास्त्र की परंपरा'' किसकी रचना है?

A) नामवर सिंह B) गुलाब राय
C) रामविलास शर्मा D) डॉ.नगेन्द्र

३४. 'मैं' और 'वह' लक्ष्मी नारायण लाल के किस नाटक के पात्र हैं?

A) तोता मैना B) व्यक्तिगत
C) सगुन पंछी D) तीन आँखोंवाली मछली

३५. 'हिन्दी प्रचार समाचार' किस संस्था का मुख पत्र है?

A) दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा B) नागरी प्रचारिणी सभा
C) राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय D) केन्द्रीय हिन्दी संस्थान

३६. 'हड्डियों में छिपा ज्वर' किसका काव्य संकलन है?

A) उदय प्रकाश B) लीलाधर जगूडी
C) अरुण कमल D) चन्द्रकान्त देवताले

३७. 'किशन' नामक अपने उर्दु उपन्यास को प्रेमचंद ने किस नाम से हिन्दी में प्रकाशित किया?

A) गबन B) प्रतिज्ञा
C) निर्मला D) कर्मभूमि

३८. भोपाल गैस ट्रैजडी पर लिखी गयी राजेश जोशी की कविता कौन सी है?

A) अंकित होने दो B) अकेले कंठ की पुकार
C) मिट्टी का चेहरा D) अपनी तरह का आदमी

३९. 'हँसी' कौन-सी संज्ञा है?

A) जातिवाचक B) भाववाचक
C) व्यक्तिवाचक D) द्रव्यवाचक

४०. गुप्तजी को 'हिन्दी भाषी जनता का प्रतिनिधि कवि' किसने कहा?

A) डॉ.देवराज उपाध्याय B) नंद दुलारे वाजपेयी
C) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी D) शुक्लजी

४१. नंद किशोर आचार्य किस सप्तक के कवि हैं?

A) तार सप्तक B) दूसरा सप्तक
C) तीसरा सप्तक D) चौथा सप्तक

४२. भारतेन्दु के जीवन पर आधारित 'चन्द्रमल्लिका' किसका नाटक है?

A) हर्ष नारायण नीरव B) गोविंद चातक
C) विनोद रस्तोगी D) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना

४३. 'काव्य मीमांसा' के रचनाकार कौन है?

A) राजशेखर B) महिम भट्ट
C) क्षेमेन्द्र D) जगन्नाथ

४४. 'कलवा' किसके द्वारा रचित बालोपयोगी उपन्यास है?

A) मन्नू भण्डारी B) मार्कण्डेय
C) शरतचन्द्र D) उषा प्रियंवदा

४५. किस रचना पर सन् १९९५ में मैत्रेयी पुष्पा को प्रेमचंद सम्मान मिला?
A) बेतवा बहती रही B) अगन पाखी
C) विज़न D) गुनाह बेगुनाह

४६. गोविन्द मिश्र के किस उपन्यास को आलोचकों ने 'गुडई नंगई की जीवन्त तस्वीर' कही है?
A) पाँच आँगनोंवाला घर B) लाल पीली ज़मीन
C) तुम्हारी रोशनी में D) हुज़ूर दरबार

४७. हिन्दु मुस्लिम एकता का प्रचार करने के कारण किसने कबीर को उस 'युग का गांधी' कहा?
A) लक्ष्मीकांत वर्मा B) नेमीचन्द्र जैन
C) इन्द्रनाथ मदान D) डॉ.बच्चन सिंह

४८. 'साठ वर्ष - एक रेखांकन' किसकी आत्मकथा है?
A) पांडेय बेचनशर्मा उग्र B) सुमित्रानंदन पंत
C) रामविलास शुक्ल D) शांतिप्रियद्विवेदी

४९. 'इदं न मम' किसका काव्य संग्रह है?
A) मैत्रेयी पुष्पा B) भवानीप्रसाद मिश्र
C) विजयदेव नारायण साही D) मृदुला गर्ग

५०. टॉलस्टाय से उधार लेकर लिखा गया मणि मधुकर का नाटक कौन-सा है?
A) रस गंधर्व B) खेला पोलमपुर
C) आज अभी D) हल्ला बोल

५१. 'मेरी असफलतायें' किसके संस्मरणात्मक निबंधों का संग्रह है?
A) जगदीशचंद्र माथुर B) विष्णु प्रभाकर
C) गुलाबराय D) श्रीराम शर्मा

५२. इनमें राजस्थानी की बोली कौन-सी है?
A) जयपुरी B) मगही
C) गढ़वाली D) बुंदेली

५३. 'चारु चंद्र की चंचल किरणें
खेल रही है जल थल में।'' किसकी पंक्तियाँ हैं?
A) मैथिलीशरण गुप्त B) हरिऔध
C) माखनलाल चतुर्वेदी D) महावीर प्रसाद द्विवेदी

५४. इनमें कौन-सा शब्द गुण संधी का उदाहरण है?
A) मत + अनुसार = मतानुसार B) परम +ईश्वर = परमेश्वर
C) सदा + एव = सदैव D) सु + आगत = स्वागत

५५. इनमें कौन-सी भाषा द्राविड परिवार की है?

A) कन्नड B) बंगला C) हिन्दी D) मराठी

५६. 'मधूलिका' प्रसाद जी की किस कहानी का पात्र है?

A) पुरस्कार B) ममता C) आकाशदीप D) मधुआ

५७. इनमें कौन-सा शब्द स्त्रीलिंग है?

A) मोती B) हीरा C) सोना D) चाँदी

५८. कौन-सी वर्तनी सही है?

A) अतीथी B) अतिथी C) अतिथि D) अतीथि

५९. केरल की प्रथम हिन्दी पत्रिका किस वर्ष में प्रकाशित हुई?

A) १९३९ B) १९४१ C) १९४३ D) १९४४

६०. भारतीय 'ब्रेल पत्रकारिता' का जनक किसे माना जाता है?

A) सी.एम.रंगस्वामी B) अक्षय कुमार जैन
C) विश्वंभरनाथ शर्मा कौशिक D) ठाकुर विश्वनारायण सिंह

६१. इनमें अर्धसम छंद कौन-सा है?

A) चौपाई B) रोला
C) सोरठा D) छप्पय

६२. 'सहज कहानी' के प्रवर्तक कौन हैं?

A) अमृतराय B) कमलेश्वर
C) महीपसिंह D) श्याम परमार

६३. गिरिराज किशोर की 'केवल मेरा नाम लो' किस विधा की रचना है?

A) उपन्यास B) कहानी
C) नाटक D) आलोचना

६४. 'इकतारे की आँख' किसके जीवन पर आधारित रचना है?

A) सूरदास B) जायसी
C) कबीर D) तुलसीदास

६५. 'जुही के फूल' किसका एकांकी संकलन है?

A) धर्मवीर भारती B) डॉ.रामकुमार वर्मा
C) भुवनेश्वर D) लक्ष्मीनारायण लाल

६६. ''शब्द अर्थ एकै रहै, अन्वय करतहि भेद - यह अनुप्रास के किस भेद की परिभाषा है?

A) वृत्यनुप्रास B) छेकानुप्रास
C) लाटानुप्रास D) श्रुत्यनुप्रास

६७. विश्वनाथ प्रसाद मिश्र ने आदिकाल को कौन-सा नाम दिया?

A) चारण काल B) वीर काल
C) युद्ध काल D) धीर काल

६८. ''पहाड़ों में प्रेममय संगीत'' किसका प्रसिद्ध रिपोर्ताज है?

A) मुद्राराक्षस B) जैनेन्द्र
C) उपेन्द्रनाथ अश्क D) बालमुकुन्द गुप्त

६९. ''साइबर माँ' किसका उपन्यास है?

A) बदी उज्जमा B) कृष्णा सोबती
C) मंजुल भगत D) मधु धवन

७०. इन में किस कवि ने अपने को 'खेलन कवि' कहा?

A) घनानंद B) विद्यापति C) चंदबरदायी D) बिहारीलाल

७१. हास्य रस के कितने भेद हैं?

A) चार B) पांच C) छः D) सात

७२. 'छप्पय' किन-किन छन्दों के मेल से बनता है?

A) रोला एवं उल्लाल B) रोला एवं चौपाई
C) उल्लाल एवं दोहा D) बरवै एवं रोला

७३. 'रघुवर-विशिख से सिन्धु सम सब सैन्य इससे त्रस्त हैं।' यह किस उपमा का उदाहरण है?

A) पूर्णोपमा B) मालोपमा
C) उपमेयोपमा D) रसनोपमा

७४. 'कालीदास की लालित्य योजना' किसकी रचना है?

A) हज़ारी प्रसाद द्विवेदी B) नन्ददुलारे वाजपेयी
C) अशोक वाजपेयी D) दुर्गाशंकर मिश्र

७५. 'दूसरा ताजमहल' किसका कहानी संग्रह है?

A) नासिरा शर्मा B) मृदुला गर्ग
C) मैत्रेयी पुष्पा D) उषा प्रियंवदा

७६. 'आत्मा की संकल्पनात्मक अनुभूति' को काव्य की संज्ञा देनेवाले कवि कौन हैं?

A) निराला B) गुप्तजी
C) प्रसाद D) पंत

७७. 'परदेशी' किसका उपनाम है?

A) शिवमंगल सिंह B) भगवतीचरण वर्मा
C) दुष्यन्तकुमार D) गजाधर शर्मा

७८. अज्ञेय जी की व्यंग्य कविता कौन-सी है?

A) नदी के द्वीप B) साँप
C) इत्यलम D) हरी घास पर क्षण भर

७९. 'युयुत्सावादी कविता' के जनक कौन हैं?

A) जगदीश गुप्त B) शलभ श्रीराम सिंह
C) रवीन्द्रभ्रमर D) परमानंद श्रीवास्तव

८०. निम्नलिखित में से अव्ययीभाव समास का उदाहरण चुनिए?

A) महात्मा B) आजन्म C) ध्यानमग्न D) गिरिधर

८१. कविता को 'कल्पना के कानन की रानी' किसने बताया?

A) निराला B) पंत C) प्रसाद D) महादेवी

८२. किसकी कविता से प्रसन्न होकर औरंगज़ेब के मुँह से 'खूब-खूब' शब्द निकले थे?

A) बिहारी B) वृन्द C) भूषण D) घनानंद

८३. ''प्रजा हितैषी'' नामक पत्र कहाँ से निकलता था?

A) कानपुर B) आगरा

C) कलकत्ता D) इलाहाबाद

८४. गुप्तजी की किस रचना में महाभारत की कथा वर्णित है?

A) साकेत B) यशोधरा C) विष्णु प्रिया D) जयभारत

८५. संसदीय राजभाषा समिति में कुल कितने सदस्य हैं?

A) १५ B) २० C) २५ D) ३०

८६. निम्न में से मूलतः'गेय रासो' काव्य कौन-सा है ?

A) खुमाण रासो B) बीसलदेव रासो C) परमाल रासो D) हम्मीर रासो

८७. इनमें जातिवाचक संज्ञा कौन-सी है?

A) हिमालय B) मनुष्य C) भारत D) गंगा

८८. कौन-सा शब्द अग्नि का पर्यायवाची नहीं है?

A) दहन B) अनल C) हुताशन D) अमिय

८९. इनमें पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?

A) तोता B) छिपकली C) गिलहरी D) मैना

९०. अंग्रेज़ी के '**Bond**' शब्द का हिन्दी पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

A) बंध पत्र B) बंधित पत्र C) बंधा पत्र D) पत्र बंध

९१. इनमें से संज्ञा पदबन्ध का उदाहरण कौन-सा है?

A) <u>आसमान में उडता गुब्बारा</u> फट गया। B) सुरेश नदी में <u>डूब गया।</u>

C) उसने साँप को <u>पीट-पीट कर मारा।</u> D) सीता गीता से <u>अधिक मेधावी</u> है।

९२. Undertaking का हिन्दी पर्यायवाची शब्द कौन-सा है?

A) निगम B) आगम C) उपक्रम D) अनुक्रम

९३. नासिरा शर्मा का पहला उपन्यास कौन-सा है?

A) शाल्मली
B) ठीकरे की मंगनी
C) जिंदा मुहावरे
D) सात नदियाँ एक समंदर

९४. 'अंधों का हाथी' किसका नाटक है?

A) सुरेन्द्र वर्मा
B) शरद् जोशी
C) राजेश जैन
D) अज़गर वजाहत

९५. चीनी आक्रमण के संदर्भ में लिखा गया ज्ञानदेव अग्निहोत्री का नाटक कौन-सा है?

A) माटी जागी रे
B) नेफा की एक शाम
C) वतन की आबरू
D) चिराग जल उठा

९६. 'सामी आरमेइक' लिपि से विकसित लिपि कौन-सी है?

A) ब्राह्मी
B) खरोष्ठी
C) नागरी
D) देवनागरी

९७. 'ढाई आखर प्रेम का' किसकी कहानी है?

A) मणिका मोहिनी
B) ज्ञान रंजन
C) मनीषा कुलश्रेष्ठ
D) अल्पना मिश्र

९८. 'कर' किस प्रकार की सहायक क्रिया है?

A) नित्यता बोधक
B) विवशता बोधक
C) क्षमता बोधक
D) कर्तव्य बोधक

९९. क्रिया किससे बनती है?

A) संज्ञा
B) धातु
C) कर्म
D) स्वर

१००. 'सक्रिय कहानी आन्दोलन' का सूत्रपात किस पत्रिका के ज़रिये किया गया?

A) आधार
B) सारिका
C) मंच
D) दिनमान

१०१. तकषी के ख्यातिप्राप्त उपन्यास 'चेम्मीन' का 'मछुवारे' नाम से हिन्दी में अनुवाद किसने किया?

A) सुधांशु चतुर्वेदी
B) आनंद शंकर माधवन
C) श्रीमती भारती देवी
D) श्रीमती रत्नमयी दीक्षित

१०२. केरल हिन्दी प्रचार सभा की स्थापना किस वर्ष में हुई?

A) १९२० B) १९२३ C) १९३४ D) १९३८

१०३. १९६९ में रचित 'हिन्दी-मलयालम निघण्टू' के रचयिता कौन हैं?

A) नारायणन.के B) नारायण देव
C) अभयदेव D) डॉ.कुट्टनपिल्लै.एन.पी

१०४. 'साहित्य अमृत' किस प्रकार की पत्रिका है?
A) मासिक B) पाक्षिक
C) साप्ताहिक D) त्रैमासिक

१०५. केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो किस मंत्रालय के अधीन है?
A) वित्त मंत्रालय B) गृह मंत्रालय
C) विदेश मंत्रालय D) मानव संसाधन विकास मंत्रालय

१०६. 'भाषा' त्रैमासिक पत्रिका किस संस्था से प्रकाशित है?
A) केन्द्रीय साहित्य अकादमी B) केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय
C) उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान D) नागरी प्रचारिणी सभा

१०७. अनुदेश के लिए हिन्दी प्रशासनिक शब्द कौन-सा है?
A) Instruction B) Order
C) Information D) Advice

१०८. राजभाषा नियम के अनुसार केरल किस भाषा क्षेत्र में आता है?
A) क क्षेत्र B) ख क्षेत्र
C) ग क्षेत्र D) घ क्षेत्र

१०९. इनमें राजी सेठ का उपन्यास कौन-सा है?
A) औरतनामा B) तीसरी हथेली
C) यात्रामुक्त D) निष्कवच

११०. इनमें अर्थ विस्तार का उदाहरण कौन-सा है?
A) घृत B) भार्या
C) कुशल D) श्राद्ध

१११. तत्सम शब्द का उदाहरण कौन-सा है?
A) अहंकार B) बरस
C) काम D) खीर

११२. शैक्सपियर से प्रभावित होकर जमुनादास मेहरा ने किस नाटक की रचना की थी?
A) निर्मला B) महात्मा कबीर
C) चन्द्रगुप्त D) पाप परिणाम

११३. मैं गोपाल के घर गया, पर वह वहाँ नहीं था। यह किस प्रकार का वाक्य है?
A) सरलवाक्य B) मिश्र वाक्य
C) सुयुक्तवाक्य D) उपवाक्य

११४. इनमें ऊष्म व्यंजन कौन-सा है?
A) ज B) र C) स D) म

११५. हिमांशु जोशी का हिन्दी उपन्यास 'अरण्य' का 'आरण्यम' नाम से मलयालम अनुवाद किसने किया?
A) कुन्नुकुषी कृष्णनकुट्टी B) डी.तंकप्पन नायर
C) पी.माधवन पिल्लै D) के.वासुदेवन पिल्लै

११६. भारतेन्दु का अधूरा नाटक कौन-सा है?

A) सतीप्रताप B) नीलदेवी

C) अंधेर नगरी D) भारत जननी

११७. 'एक पति के नोट्स' किसका उपन्यास है?

A) महेन्द्र भल्ला B) राजेन्द्र यादव

C) मन्नू भण्डारी D) हिमांशु जोशी

११८. भारत विभाजन पर आधारित अमृता प्रीतम का उपन्यास कौन-सा है?

A) पिंजर B) तमस

C) कथा सतीसर D) कितने पाकिस्तान

११९. हिन्दी पत्रकारिता की जन्मभूमि कहाँ है?

A) मुंबई B) बंगाल

C) दिल्ली D) कलकत्ता

१२०. केन्द्रीय हिन्दी निदेशालय के प्रथम हिन्दीतर भाषी निदेशक कौन थे?

A) मलिक मुहम्मद B) विश्वनाथ अय्यर

C) प्रो.ए.चन्द्रहासन D) पी.वी.विजयन

.........................................................................................